प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- प्रदेशभर में नये साल की उमंग–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नई ऊर्जा के साथ विकसित राजस्थान की ओर बढने का संकल्प दोहराया।
- देश में वार्षिक भूजल पुनर्भरण में बढोतरी–प्रदेश में भी अच्छे मॉनसून के कारण भूजल स्तर बढ़ा।
- प्रदेश में आज से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीने की शुरूआत–यातायात जागरूकता के विभिन्न आयोजन होंगे।
- राज्य में ज्यादातर स्थानों पर कडाके की सर्दी जारी–घने कोहरे से दृश्यता प्रभावित।

..............................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विश्वास जताया है कि नववर्ष प्रदेश के लिए उपलब्धियों भरा रहेगा। वर्ष 2025 में सभी प्रदेशवासी नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए उत्साह के साथ विकसित राजस्थान की ओर बढेंगे। मुख्यमंत्री ने नये साल पर प्रदेशवासियों के नाम एक पत्र लिखकर संदेश दिया है। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 की देश और प्रदेश की उपलब्धियों का जिक्र किया है।उन्होंने लिखा कि राजस्थान के लिए ये वर्ष गर्व भरा रहा। वर्षों से लंबित आरसीपी (पीकेसी) लिंक परियोजना की सौगात हमें 2024 में प्राप्त हुई। साथ ही, देवास परियोजना का काम शुरू होने तथा यमुना जल समझौते से प्रदेश के विकास और जल संकट के स्थाई समाधान की राह खुली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार भर्ती परीक्षाओं का 2 साल का कैलेंडर जारी किया है। श्री शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल आयोजन सहित अन्य उपलब्धियों के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाइवे बनाने के निर्णय से प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी।

..............................

प्रदेशभर में धार्मिक उत्साह और उत्सव के माहौल के साथ नए साल का स्वागत किया गया। साल के पहले दिन विभिन्न मंदिरों में सुबह की आरती में शामिल होने और आशिर्वाद लेने के लिए लोग उमड़ पड़े। चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि नववर्ष पर सालासर बालाजी धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

..............................

वहीं रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड है। चौथ माता मंदिर में भी बडी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पंहुच रहे है। राजसमंद के श्रीनाथ जी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की लम्बी कतारे देखी जा रही है।

..............................

इससे पहले प्रदेशभर में नये साल के स्वागत का जश्न जोरशोर से मनाया गया। होटल, क्लब, रेस्टोरेन्ट में संगीत की धुनों पर लोगों ने 2024 को अलविदा कहते हुए नववर्ष की अगवानी की। जैसलमेर, रणथम्भौर, भरतपुर, माउंटआबू और राजधानी जयपुर में भी बडी संख्या में सैलानी नये साल के स्वागत के लिये जुटे। भरतपुर में आतिशबाजी और ढोल नंगाडो की थाप पर नव वर्ष का जश्न मनाया गया। शहर के प्रमुख चौराहों पर आकर्षक रोशनी और रंगोली सजाकर नये साल के आगमन की खुशियां मनाई गई। वहीं कई लोगों ने जरूरतमंदों को कम्बल तथा अन्य वस्तुएं दान कर नये साल की शुरूआत की। विभिन्न स्थानों पर निशुल्क दूध वितरण भी किया गया।

..............................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को नये साल की शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में नई उम्मीदों, सपनों और आकांक्षाओं की शुरुआत का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी नववर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने लोगों से राष्ट्र को सर्वोपरि रखने के संकल्प के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखते हुए मजबूती से आगे बढ़ने को कहा।

..............................

देश में कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण में 15 बिलियन क्यूबिक मीटर की बढोतरी हुई है वहीं वर्ष 2024 में भूजल निकासी में तीन बिलियन क्यूबिक मीटर की कमी आई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कल वर्ष 2024 के लिए **गतिशील भूजल संसाधन मूल्यांकन रिपोर्ट** जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण का मूल्यांकन 446 बिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक किया गया है। सभी उपयोगों के लिए वार्षिक भूजल निकासी दो सौ 45 बिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक है। यह मूल्यांकन केंद्रीय भूजल बोर्ड तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इधर प्रदेश में भी अच्छे मॉनसून के कारण भूजल स्तर लगभग 6 मीटर बढा है। भूजल विभाग की ओर से जारी पोस्ट मॉनसून असेस्मेंट रिपोर्ट के अनुसार अधिक बारिश से ज्यादातर जिलों में भूजल स्तर में बढोतरी हुई है। पहले करीब 29 मीटर पर भूजल मिल रहा था, जो अब 23 मीटर पर मिल रहा है।

..........................

केन्द्र सरकार के **कैच द रेन** अभियान के तहत पिछले साल बाड़मेर ज़िले में देश में सबसे ज्यादा स्मॉल रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाये गये। ज़िले में विभिन्न योजनाओं में 43 हज़ार स्मॉल रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण हुआ है। वहीं पूरे राजस्थान में 83 हज़ार स्मॉल रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण करवाया गया ।

....................................

प्रदेश में आज से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीने की भी शुरूआत होने जा रही है। इस वर्ष की थीम परवाहा रखी गई है। 31 जनवरी तक सड़कसुरक्षा और यातायात नियमो की जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन होंगे। इस अवसर पर बाडमेर में आज जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया है।

.................................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पिछले दिनों सड़क सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अवैध मीडियन कट्स बंद करने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा और हादसो की रोकथाम के लिए दौसा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट बंद करने की कार्यवाही की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक ऐसे करीब 22 मीडियन कट बंद किये गये है।

..............................

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर घने कोहरे और तेज सर्दी का प्रकोप जारी है। घने कोहरे से दृश्यता काफी कम है। प्रदेश में विजिबिलिटी 10 से 50 मीटर के बीच दर्ज की गई। रेल और हवाई यातायात पर भी कोहरे के कारण असर पड रहा है। बीते 24 घंटों में 20 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। शीतलहर के कारण राजधानी जयपुर के दिन के तापमान में सबसे ज्यादा करीब 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। 19 शहरों में कोल्ड डे के हालात रहे।

............................

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कई स्थानो पर शीतलहर जारी रहने की संभावना जताई है।

..............................